# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

**01 November 2025**



GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:




GK SEARCH ENGINE

Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine



# Rajasthan Current Affairs

## by GK Search Engine

GET IT ON Google Play

Download App

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

**Yesterday, Quiz:**

## Q. न्यायाधीश अरुण मोंगा किस हाईकोर्ट से ट्रांसफर होकर राजस्थान हाईकोर्ट आए हैं?

(A) पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट
(B) दिल्ली हाईकोर्ट
(C) इलाहाबाद हाईकोर्ट
(D) बॉम्बे हाईकोर्ट

*एकदिल्ली हाईकोर्ट से ट्रांसफर होकर राजस्थान हाईकोर्ट आए न्यायाधीश अरुण मोंगा ने 29 October को शपथ ली*

*राजस्थान हाईकोर्ट कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा ने शपथ दिलाई*

*न्यायाधीश मोंगा दिल्ली हाईकोर्ट से राजस्थान हाई कोर्ट आए हैं। न्यायाधीश मोंगा का जन्म 21 दिसम्बर 1968 को हुआ। डीएवी कॉलेज, चंडीगढ़ से प्रथम श्रेणी में बीएससी की उपाधि प्राप्त की और कॉलेज कलर से भी सम्मानित हुए।*

## Yesterday Revision

. विश्व का पहला 'गो-गोपाल कॉरिडोर' कहाँ बनाया जा रहा है? नंदगांव (सिरोही)

. युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से शुरू किए गए मेरा भारत अभियान' में राजस्थान की स्थिति क्या है?:- आठवां स्थान

. हाल ही में राजस्थान का पहला वरिष्ठजन अटल क्लब का लोकार्पण कहां किया गया है?:- जयपुर

. राजस्थान में प्रस्तावित पुष्कर कॉरिडोर का विकास किस योजना के अंतर्गत किया जाएगा?:- स्वदेश दर्शन योजना

. जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड को राजस्थान के कितने शहरों को 'स्मार्ट सिटी' बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है?:- 6 शहरों को

. हाल ही में अजमेर के विश्व प्रसिद्ध पुष्कर मेले का शुभारंभ किस तिथि को किया गया?:- 30 अक्टूबर 2025

01.वर्ष 2024-25 का अखिल भारतीय समन्वित मसाला अनुसंधान परियोजना (AICRPS) मसाला केंद्र पुरस्कार किसे मिला है?

(A) बीकानेर कृषि विश्वविद्यालय

(B) डॉ. बी.आर. चौधरी कृषि अनुसंधान केंद्र, मंडोर (जोधपुर)

(C) महाराणा प्रताप कृषि विश्वविद्यालय, उदयपुर

(D) एस.के.एन. कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- जोधपुर कृषि विश्वविद्यालय के डॉ. बीआर चौधरी कृषि अनुसंधान केंद्र, मंडोर को ICAR के अखिल भारतीय समन्वित मसाला अनुसंधान परियोजना की ओर से वर्ष 2024-25 का अखिल भारतीय समन्वित मसाला अनुसंधान परियोजना (AICRPS) मसाला केंद्र पुरस्कार प्रदान किया गया है।
- यह सम्मान आईसीएआर उत्तर-पूर्व पर्वतीय क्षेत्रीय अनुसंधान परिसर, उमियम (मेघालय) में आयोजित मसाला फसलों की वार्षिक समूह बैठक के दौरान प्रदान किया गया।
- आईसीएआर की मसाला परियोजना के तहत देशभर के विभिन्न राज्यों में 40 अनुसन्धान केंद्रों पर इन फसलों पर कार्य किया जाता है जिनमें सर्वश्रेष्ठ केन्द्र के चयन हेतु उन्नत किस्मों का विकास, मसाला फसलों हेतु उन्नत उत्पादन एवं संरक्षण तकनीकों का सृजन, बजट का कुशल उपयोग तथा समयबद्ध रिपोर्टिंग जैसे मापदंडों के आधार पर मूल्यांकन किया जाता है।

02. जोधपुर कमिश्नरेट क्षेत्र में सड़क हादसे के मामलों को आसान बनाने के लिए कौन-सा नया पोर्टल लॉन्च किया गया है?

(A) आईआरएडी पोर्टल

(B) ई-डीएआर (e-DAR)

(C) सड़क सुरक्षा पोर्टल

(D) ट्रैफिक ट्रैकिंग सिस्टम

**Important Facts:**

- जोधपुर कमिश्नरेट क्षेत्र में हुए सड़क हादसों में पीड़ितों के लिए मामला दर्ज करने से लेकर मुआवजा दिलाने तक की प्रक्रिया को आसान किया गया है। इसके लिए ई-DAR पोर्टल लॉन्च किया है। यह पुराने आईआरएडी पोर्टल का ही अपडेट वर्जन है।
- पुराने सॉफ्टवेयर में अभी केवल हादसे की रिपोर्टिंग होती थी। नए पोर्टल में मुआवजा, जांच और बीमा दावों की प्रक्रिया को भी जोड़ा गया है।
- यह पोर्टल सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के सहयोग से विकसित किया गया है।
- इसका उद्देश्य पीड़ित परिवारों को समय पर न्याय दिलाना और मुआवजे की प्रक्रिया को त्वरित बनाना है।

**03. भारतीय सप्त शक्ति कमान द्वारा सेंटिनल स्ट्राइक” एक्सरसाइज का आयोजन कहाँ किया गया?**

(A) पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज

(B) महाजन फील्ड फायरिंग रेंज

(C) जैसलमेर एयरबेस

(D) जयपुर कैंट

**Important Facts:**

- राजस्थान के थार रेगिस्तान के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज (बीकानेर) में इंटीग्रेटेड फायर एंड एक्सरसाइज "सेंटिनल स्ट्राइक" का, जो सप्त शक्ति कमान की ओर से आयोजित किया गया था।
- सप्त शक्ति कमान ने 28 से 30 अक्टूबर 2025 तक राजस्थान के थार रेगिस्तान के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में इंटीग्रेटेड फायर एंड एक्सरसाइज , "सेंटिनल स्ट्राइक" का आयोजन किया।
- इस अभ्यास में एकीकृत तरीके से विविध फायरिंग प्लेटफार्मों का उपयोग किया गया, जिसमें मैकेनाइज्ड फोर्सेस तथा जमीनी हथियार प्रणाली और हवाई फायरिंग शामिल थी।
- इस युद्धाभ्यास में आधुनिक तोपखाने के हथियारों और घातक गोला-बारूद प्रणालियों द्वारा मिशन इंगेजमेंट, मैकेनाइज्ड फोर्सेस द्वारा आक्रामक जमीनी कार्रवाई और ड्रोन थेट के वातावरण में जमीनी तथा हवाई प्लेटफामों द्वारा लाइव निगरानी प्रणालियों और क्षमताओं की पुष्टि की गई

04. राजस्थान में पहली बार खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2025 का आयोजन कब से किया जाएगा?

(A) 15 नवम्बर

(B) 20 नवम्बर

(C) 24 नवम्बर

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य में खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राजस्थान पहली बार खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2025 की मेजबानी करने जा रहा है।
- यह आयोजन 24 नवम्बर से 5 दिसम्बर 2025 तक प्रदेश के सभी संभागीय मुख्यालयों सहित जयपुर में आयोजित होगा।
- खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में देश के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 200 विश्वविद्यालयों से करीब 4000 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, इन खेलों में लगभग 24 खेल स्पर्धाएं आयोजित होंगी


05. हाल ही में राजस्थान से किसे महर्षि वेदव्यास पुरस्कार प्रदान किया जाएगा?

(a) रूमा देवी

(b) गुलाब कोठारी

(c) अशोक गहलोत

(d) इनमें से कोई नही



GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- पत्रिका समूह के प्रधान संपादक गुलाब कोठारी को पुणे (महाराष्ट्र) के महर्षि वेदव्यास प्रतिष्ठान ने महर्षि वेदव्यास पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा की है। उन्हें यह पुरस्कार वैदिक क्षेत्र में शिक्षा, अध्ययन, अनुसंधान और लेखन के रूप में सुदीर्घ कार्य करने के लिए दिया जाएगा।
- यह पुरस्कार तभी दिया जाता है, जब ऐसे व्यक्ति का कार्य प्रकाश में आता है। साल 1990 से अब तक कुल 29 विशिष्टजनों को यह सम्मान दिया जा चुका है।
- यह प्रतिष्ठित सम्मान पाने वाले कोठारी राजस्थान से दूसरे व्यक्ति हैं। इससे पहले राजस्थान से प्रो. दयानंद भार्गव को यह पुरस्कार मिला था।
- गीता जयंती के अवसर पर 30 नवंबर को पुणे के समीप आलंदी स्थित वेद श्री तपोवन में आयोजित समारोह में यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

06. राजस्थान में भवनों और सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की गुणवत्ता जांच के लिए “सघन निरीक्षण अभियान” कब से शुरू हो रहा है और कितने समय तक चलेगा?

(A) 1 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक

(B) 1 नवंबर से 30 नवंबर तक

(C) 1 दिसंबर से 31 दिसंबर तक

(D) 15 नवंबर से 15 दिसंबर तक

**Important Facts:**

- राजस्थान में सघन निरीक्षण अभियान 1 से 30 नवम्बर
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर प्रदेश में भवनों और सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की गुणवत्ता जांच के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया जा रहा है।
- 'सघन निरीक्षण अभियान' नाम से यह अभियान शनिवार से यानी 1 नवंबर से पूरे एक माह तक चलेगा।
- इसका उद्देश्य निर्माण कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करना है।
- अभियान के लिए तीन स्तरों पर निरीक्षण समितियों का गठन किया जा रहा है। ये समितियां सार्वजनिक निर्माण विभाग, नगरीय विकास एवं आवासन विभाग, स्वायत्त शासन विभाग और समग्र शिक्षा अभियान से संबंधित कार्यों की समीक्षा करेंगी।

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

07. भगवान बिरसा मुंडा की कौनसी जयंती पर राजस्थान में 1 नवम्बर से 15 नवम्बर तक जनजाति गौरव वर्ष के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा?

(A) 140वीं जयंती

(B) 110वीं जयंती

(C) 150वीं जयंती

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर राजस्थान में 1 नवम्बर से 15 नवम्बर तक जनजाति गौरव वर्ष के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।
- भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती (2025)
- प्रदेशभर में 1 से 15 नवम्बर तक विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे।
- उद्देश्य – भगवान बिरसा मुंडा के प्रेरणादायी जीवन को जन-जन तक पहुँचाना।
- कार्यक्रमों के तहत आदि हाट वन धन केंद्रों तथा जनजाति कलाकारों के उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा।
- हर वर्ष 15 नवम्बर को जनजाति गौरव दिवस

08. राजस्थान कृषि प्रबंध संस्थान, दुर्गापुरा, जयपुर में ऑर्गेनिक फूड मार्केट का उद्घाटन किसके द्वारा किया गया?

(A) भजनलाल शर्मा

(B) डॉ. किरोड़ी लाल मीणा

(C) दीया कुमारी

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान कृषि प्रबंध संस्थान, दुर्गापुरा, जयपुर में 16 अक्टूबर को कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा द्वारा ऑर्गेनिक फूड मार्केट का उद्घाटन, कृषि ज्ञान धारा 2.0 का प्रमोचन और IHITC संस्थान की वार्षिक पत्रिका हरित दर्पण का विमोचन किया गया।
- इसके साथ ही एक दिवसीय सूक्ष्म सिंचाई कार्यशाला का राज्य स्तरीय आयोजन भी किया गया।
- ऑर्गेनिक फूड मार्केट की स्थापना का मुख्य ध्येय जैविक उत्पादकों को अपने उत्पाद का प्रचार-प्रसार करने हेतु प्लेट फार्म उपलब्ध कराना एवं उपभोक्ताओं को प्रमाणित जैविक उत्पाद उपलब्ध कराना हैं।

09. हाल  ही में 67वां आकाशवाणी संगीत सम्मेलन देश भर में कब आयोजित किया जाएगा?

(A) 12 से 25 नवंबर

(B) 02 से 29 नवंबर

(C) 01 से 09 नवंबर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- 67वां आकाशवाणी संगीत सम्मेलन देश भर में आयोजित किया जाएगा
- प्रसार भारती, संस्कृति मंत्रालय के साथ मिलकर, 2 से 29 नवंबर 2025 तक भारत के 24 सेंटर्स में 67वां आकाशवाणी संगीत सम्मेलन आयोजित करेगा।
- 1954 में शुरू हुआ यह सम्मेलन हिंदुस्तानी, कर्नाटक, लाइट और लोक संगीत का जश्न मनाता है, और भारत की समृद्ध संगीत विरासत को संरक्षित और बढ़ावा देता है।
- पणजी और शिलांग में खास तौर पर वेस्टर्न क्लासिकल म्यूज़िक परफॉर्मेंस होंगी।

**10. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 31 अक्टूबर को कहां आयोजित हुए इंटरनेशनल आर्यन समिट 2025 में हिस्सा लिया?**

(A) नई दिल्ली

(B) जयपुर

(C) बैंगलुरू

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ज्ञान ज्योति महोत्सव के तहत 31 अक्टूबर को नई दिल्ली के रोहिणी में इंटरनेशनल आर्यन समिट 2025 में हिस्सा लिया।
- यह कार्यक्रम महर्षि दयानंद सरस्वती जी की 200वीं जयंती और शिक्षा, समाज सुधार और राष्ट्र निर्माण में आर्य समाज की 150 वर्ष की सेवा की याद में मनाया गया।
- इस समिट में “सेवा के 150 स्वर्णिम वर्ष” नाम की एक प्रदर्शनी भी लगाई गई।

**Today, Quiz:**

**Q. हाल ही में राजस्थान का पहला वरिष्ठजन अटल क्लब का लोकार्पण कहां किया गया है?**

(A) कोटा

(B) जयपुर

(C) उदयपुर

(D) जोधपुर

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

**GK Search Engine Mobile App**

🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷

💠क्या मिलेगा? 👇👇👇👇

✅ जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)

🎯 2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)

🔲 अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook

👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine